|| यह तो प्रेम की बात है उधो भजन ||

Chalisamantras.com

यह तो प्रेम की बात है उधो,
बंदगी तेरे बस की नहीं है,
यहाँ सर देके होते सौदे,
आशिकी इतनी सस्ती नहीं है ।

प्रेम वालों ने कब वक्त पूछा,
उनकी पूजा में सुन ले ए उधो,
यहाँ दम दम में होती है पूजा,
सर झुकाने की फुर्सत नहीं है ।
यह तो प्रेम की बात है उधो..

जो असल में हैं मस्ती में डूबे,
उन्हें क्या परवाह ज़िन्दगी की,
जो उतरती है चढ़ती है मस्ती,
वो हकीकत में मस्ती नहीं है ।
यह तो प्रेम की बात है उधो..

जिसकी नजरो में है श्याम प्यारे,
वो तो रहते हैं जग से न्यारे,
जिसकी नजरो में मोहन समाये,
वो नज़र फिर तरसती नहीं है ।
यह तो प्रेम की बात है उधो..

यह तो प्रेम की बात है उधो,
बंदगी तेरे बस की नहीं है,
यहाँ सर देके होते सौदे,
आशिकी इतनी सस्ती नहीं है ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com